# सिद्धार्थनगर पुलिस

## प्रेस नोट दिनांक 06.06.2025 जनपद सिद्धार्थनगर

◆जनपदीय पुलिस द्वारा त्यौहार "ईद-उल-जुहा (बकरीद)" के दृष्टिगत अपने-अपने थानाक्षेत्रों में पोस्टर पार्टी निकालकर मन्दिर-मस्जिद एवं संवेदनशील स्थानों में चलाया गया चेकिंग अभियान।

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में दिनांक 05/06.06.2025 की रात्रि में त्यौहार "ईद-उल-जुहा (बकरीद)" के दृष्टिगत शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा पोस्टर पार्टी निकालकर अपने-अपने थानाक्षेत्रों में स्थित मन्दिर-मस्जिद एवं अन्य संवेदनशील स्थानों पर चेकिंग की गयी। त्यौहार "ईद-उल-जुहा (बकरीद)" के मद्देनजर पर्याप्त सतर्कता रखी जा रही है।

प्रेस नोट दिनांक 06.06.2025 जनपद सिद्धार्थनगर

◆पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना।

आज दिनांक 06.06.2025 को पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा पुलिस कार्यालय मे जनसुनवाई किया गया। कुल 13 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 02 भूमि विवाद, 07 मारपीट तथा शेष 04 अन्य से संबन्धित थें। प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।

# सिद्धार्थनगर पुलिस

## प्रेस नोट दिनांक 06.06.2025 जनपद सिद्धार्थनगर

◆थाना ढेबरुआ पुलिस द्वारा 01 नफर वारण्टी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में एवं प्रसान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में व सुजीत राय क्षेत्राधिकारी महोदय शोहरतगढ के कुशल पर्वेक्षण में एवं गौरव सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना ढेबरुआ के कुशल नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे वांछित/वारण्टी अभियान के तहत आज दिनांक 06.06.2025 को वाद सं0 40/16 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट से सम्बंधित एक वारण्टी गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

**वारण्टी का विवरण-**

01.राजकुमार ढाढी उर्फ ढाढी पुत्र राममहेश ढाढी निवासी कढेला जनूनी टोला हौसिलाबाद थाना ढेबरुआ जनपद सिद्धार्थनगर ।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

01.उ0नि0 दयानन्द प्रसाद थाना ढेबरुआ जनपद सिद्धार्थनगर।

02.हे0का0 अजीत कुमार थाना ढेबरुआ जनपद सिद्धार्थनगर।

# सिद्धार्थनगर पुलिस

## प्रेस नोट दिनांक 06.06.2025 जनपद सिद्धार्थनगर

◆पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में चलाये जा रहे परिवार परामर्श केंद्र नई-किरण (टूटते परिवार को जोडने की एक पहल कार्यक्रम) के तहत महिला थाना द्वारा 02 परिवार के मध्य सुलह समझौता कराकर उनके परिवारो को बिखरने से बचाया गया।

डॉ अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देश पर आज दिनांक 06.06.2025 को महिला थाना सिद्धार्थनगर पर परिवार परामर्श केंद्र/नई किरण (टूटते परिवार को जोड़ने की एक पहल कार्यक्रम) का आयोजन किया गया। इस आयोजन में 04 पत्रावली विचारार्थ प्रस्तुत हुई। जिसमें परामर्श के बाद 02 पत्रावली का सफल निस्तारण कर 02 परिवारों को बिखरने से बचाया गया व 02 पत्रावली में वार्ता प्रचलित है। दो परिवारों को बिखरने से बचाने में उप निरीक्षक मीरा वर्मा,म0हे0का0 सत्या त्रिपाठी ,सविता सिंह, म0का0 नेहा सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

निस्तारित पत्रावली का विवरण-

1.तस्लीमुननिशा पत्नी रहमान निवासी सीतारामपुर थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर।
2.अंकिता पत्नी नवनीत निवासी वार्ड नंबर 09 शिवनगर थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर।

**अपर पुलिस अधीक्षक नगर द्वारा आगामी बकरीद पर्व के दृष्टिगत थाना को0 शहर क्षेत्रान्तर्गत स्थित ईदगाहों, नमाज स्थलों एवं प्रमुख मार्गों का भौतिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन के दृष्टिकोण से आवश्यक बिंदुओ की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।**

**प्रेस नोट दिनांक 06.06.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆थाना उसका बाजार पुलिस द्वारा पी0ए0सी0 बल के साथ आगामी त्यौहार ईद-उल-जुहा (बकरीद) के दृष्टीगत थाना उसका बाजार क्षेत्रान्तर्गत कस्बा उसका बाजार मे दंगा नियंत्रण उपकरणों के साथ फ्लैग मार्च/रुट मार्च किया गया।**

**डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्वेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक उसका बाजार के कुशल नेतृत्व मे आज दिनांक 06.06.2025 को थाना उसका बाजार पुलिस द्वारा पी0ए0सी0 बल के साथ आगामी त्यौहार ईद-उल-जुहा (बकरीद) के दृष्टीगत थाना उसका बाजार क्षेत्रान्तर्गत कस्बा उसका बाजार मे दंगा नियंत्रण उपकरणों के साथ फ्लैग मार्च/रुट मार्च किया गया तथा आमजनमानस में सुरक्षा का एहसास कराते हुये जनसंवाद स्थापित किया गया व आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी।**

**प्रेस नोट दिनांक 06.06.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆"आपरेशन कन्विक्शन" के तहत जिला मानिटरिंग सेल व थाना उसका बाजार पुलिस की प्रभावी पैरवी से नाबालिक के साथ दुष्कर्म के आरोपी को 07 वर्ष के कठोर कारावास व ₹50,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।**

**पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा चलाये जा रहे "आपरेशन कन्विक्शन" के क्रम में डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम में दिनांक 06.06.2025 को वाद सं0 08/25 मु0अ0सं0 1266/2014 धारा- 376 भा0द0वि0 व ¾ पाक्सो एक्ट थाना उसका बाजार में पुलिस की प्रभावी पैरवी पर माननीय न्यायाधीश श्री वीरेन्द्र कुमार अपर सत्र/विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा मुकदमा उपरोक्त में सम्बन्धित अभियुक्त गणेश पुत्र जगदीश पासी निवासी अजगरा थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर को 07 वर्ष के कठोर कारावास व ₹50,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, अपर जिला शासकीय अधिवक्ता पवन कुमार कर पाठक तथा न्यायालय पैरोकार मुख्य आरक्षी श्री निवास थाना उसका बाजार का सराहनीय योगदान रहा।**

**प्रेस नोट दिनांक 06.06.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆ थाना भवानीगंज पुलिस द्वारा पी0ए0सी0 बल के साथ आगामी त्यौहार ईद-उल-जुहा (बकरीद) के दृष्टीगत थाना भवानीगंज क्षेत्रान्तर्गत दंगा नियंत्रण उपकरणों के साथ फ्लैग मार्च/मोटरसाइकिल गश्त/पैदल गश्त/चेकिंग किया गया।**

**डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में, क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल पर्यवेक्षण में अमित कुमार थानाध्यक्ष भवानीगंज मय फोर्स व पी0ए0सी0 बल के साथ आगामी त्यौहार ईद-उल-जुहा (बकरीद) के दृष्टीगत थाना भवानीगंज क्षेत्रान्तर्गत दंगा नियंत्रण उपकरणों के साथ फ्लैग मार्च/ मोटरसाइकिल गश्त/पैदल गश्त/चेकिंग किया गया तथा आमजनमानस में सुरक्षा का एहसास कराया गया। आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी।**

**प्रेस नोट दिनांक 06-06-2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆आगामी त्यौहार ईद-उल-जुहा (बकरीद) को सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु किए गए पुलिस प्रबंध का विवरण।**

**दिनांक 07-06-2025 को त्यौहार ईद-उल-जुहा (बकरीद) परंपरागत तरीके से मनाया जाएगा। ईद-उल-जुहा (बकरीद) के अवसर पर कुल 338 मस्जिदों तथा 264 ईदगाहों पर नमाज अदा की जाएगी। सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिकोण से जनपद को 5 जोन और 20 सेक्टर में विभाजित कर पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई है, सर्किल स्तर पर पांच** Q.R.T **टीमों एवं जनपद स्तर पर एक** Q.R.T **टीम व थाना स्तर पर 20** Q.R.T **टीमों का गठन किया गया है। पुलिस लाइन में तीन स्ट्राइकर टीमें रिजर्व में रखी गई है, एक-एक प्लाटून पीएसी बल की ड्यूटी थाना सिद्धार्थनगर,शोहरतगढ़, इटवा, बांसी तथा डुमरियागंज में लगाई गई है एवं उनके साथ-साथ फायर टेंडर की भी ड्यूटी लगाई गई है। प्रत्येक स्थान पर जहां नमाज अदा की जाएगी वहां सुदृढ़ पुलिस बल का प्रबंध किया गया है एवं जनपद के सभी थानों को आवश्यकता अनुसार ड्रोन कैमरों/सीसीटीवी से निगरानी करने हेतु निर्देशित किया गया है। जनपदीय पुलिस द्वारा अपने-अपने सर्किल/थाना क्षेत्रो में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट व उसके आस-पास के क्षेत्रों में दंगा नियंत्रण उपकरणों के साथ फ्लैग मार्च/ पैदल गश्त/चेकिंग लगातार किया जा रहा है एवं भारत-नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर भी पैदल गश्त/चेकिंग की जा रही है। इसके अतिरिक्त जनपद स्तर पर जनपदीय सोशल मीडिया सेल द्वारा 24/7 निगरानी की जा रही है। उक्त प्रबंधों के माध्यम से त्योहार को शांतिपूर्ण और सकुशल संपन्न कराने हेतु पुलिस प्रशासन पूर्णतः प्रतिबद्ध है।**

**प्रेस नोट दिनांक 06.06.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆क्षेत्राधिकारी बांसी द्वारा थाना खेसरहा पुलिस के साथ आगामी त्यौहार ईद-उल-जुहा (बकरीद) के दृष्टीगत थाना खेसरहा क्षेत्रान्तर्गत कस्बा बेलौहा ,मरवटिया, साकारपार में मोटर सायकिल से फ्लैग मार्च किया गया।**

**डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में, पवीन प्रकाश, क्षेत्राधिकारी बांसी के द्वारा थाना खेसरहा पुलिस के साथ आगामी त्यौहार ईद-उल-जुहा (बकरीद) के दृष्टीगत थाना खेसरहा क्षेत्रान्तर्गत कस्बा बेलौहा ,मरवटिया, साकारपार में दंगा नियंत्रण उपकरणों के साथ मोटर सायकिल से फ्लैग मार्च किया गया तथा आमजनमानस में सुरक्षा का एहसास कराया गया। आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी।**

**प्रेस नोट दिनांक 06.06.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆क्षेत्राधिकारी सदर द्वारा थाना लोटन पुलिस, एसएसबी, और पीएसी बल के साथ आगामी त्यौहार ईद-उल-जुहा (बकरीद) के दृष्टीगत थाना लोटन क्षेत्रान्तर्गत ठोठरी बाजार में दंगा नियंत्रण उपकरणों के साथ फ्लैग मार्च/रुट मार्च किया गया।**

**मयंक द्विवेदी, क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में एक व्यापक दंगा नियंत्रण अभ्यास एवं फ्लैग मार्च का आयोजन किया गया। इस अभ्यास में दिनेश कुमार सरोज थानाध्यक्ष लोटन, खुशीलाल इंस्पेक्टर एसएसबी, नंदलाल सरोज चौकी प्रभारी हरिबंशपुर एवं मुंडेराम प्लाटून कमांडर पीएसी के साथ भारी संख्या में पुलिस बल, एसएसबी, और पीएसी के जवान शामिल रहे। इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने, आपातकालीन स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने, और जनसुरक्षा को मजबूत करना था। इसके अतिरिक्त, नो मैन्स लैंड क्षेत्र में फुट पेट्रोलिंग के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय सीमा पर अवैध अतिक्रमण और अनधिकृत प्रवेश को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाए गए हैं। आगामी त्यौहार ईद-उल-जुहा (बकरीद) को ध्यान में रखते हुए, शांतिपूर्ण और सुरक्षित उत्सव सुनिश्चित करने हेतु स्थानीय प्रशासन और पुलिस बल द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए है। सभी संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को त्योहार के दौरान सतर्कता बरतने और समुदाय के साथ समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। क्षेत्राधिकारी सदर द्वारा जनता से अपील की गयी कि वे शांति बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी पुलिस स्टेशन को दें।**

**उभय पक्षो के 02 नफर के भवरुद्ध भदनांक 03.06.2025 को धारा 170/126/135 बीएनएसएस की कायथवाही की गयी है।**